हरिभूमि

भोपाल, शुक्रवार, 29 जुलाई 2016

साइबर एवं सोशल मीडिया पर कार्यशाला का आयोजन

सतर्कता होना जरूरी

सहमत होने के पूर्व सतर्कता रखना जरूरी है। अपनी प्रायवेसी को सार्वजनिक न करें, वास्तविक जीवन में जिस तरह हम हर व्यवहार सोच-समझकर करते है। ठीक उसी प्रकार साइबर स्पेस में भी सुरक्षा की मानसिकता रखते हुए सक्रिय रहें। उक्त विचार पुलिस महानिदेशक वरूण कपूर ने नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित सायबर सेंस पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान व्यक्त किये।

आष्टा। कार्यक्रम के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज . आष्टा

पुलिस महानिदेशक वरुण कपूर ने कार्यशाला को आगे संबोधित करते हुए कहा की आपकी जानकारियां ही फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्रूकॉलर जैसी एप्स की आय का साधन होती है। हालांकि ऐसा करके वे कोई अपराध नहीं करते। क्योंकि उनके नियम और शर्तो पर आप सहमति प्रदान करते है। इसलिए अनावश्यक रूप से अपनी निजी जानकारियों, टेलीफोन नंबर, प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल अपने एकाउंट्स में करने से बचें।

सकारात्मक उपयोग जरूरी

उनके द्वारा साइबर लॉ में हुए संशोधन के साथ ही इंटरनेट के माध्यम से सूचनाओं के संसार में बारीकी का अध्ययन करके सुरक्षित रहने के उपाय बताए। अपने 161वें सेमीनार के दौरान बताया कि वास्तविक जीवन में रूबरू कार्य व्यवहार के बाद भी गलतियां हो जाती है, ऐसे में सायबर स्पेस जैसे कल्पना लोक में विचरण करने के पूर्व वास्तविक धरातल पर रहकर ही हम सायबर की दुनिया का सकारात्मक इस्तेमाल कर सकेंगे।

बचाव के दिए सुझाव

लगभग दो घंटे के मार्गदर्शन सत्र में कपूर ने ई-अपराध से बचने के लिए सार-सूत्र देते हुए कहा कि सुरक्षा की मानसिकता रखकर लालच और झांसे से

बचने के लिए शार्टकट अपनाने से भी बचे। किसी भी प्रतिक्रिया के पूर्व सोच-विचार करें। हेकर्स को मात देने के लिए अपनी जानकारियां भी अप-टू-डेट रखें और किसी का अंधा विश्वास और अंधानुकरण न करें। बीते दिनों में नगर में सायबर सेंस के अभाव में उपजे तनाव तथा व्हाट्सएप एवं फेसबुक के माध्यम से जाने-अनजाने में लोगों की भावनाओं से छेड़छाड़ के बीच सिद्दत से यह महसूस किया ज़ा रहा था कि नगरवासियों और खासतौर से युवा वर्ग को सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग के बारे में विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

छात्राओं को किया सचेत

महिलाओं एवं छात्राओं के प्रति सोशल मीडिया के उपयोग से बढ़ रहे अपराधों के बारे में सचेत करते हुए कपूर ने बताया की छात्राओं को सोशल मिडिया के उपयोग को लेकर विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। सोशल मिडिया के कारण कई लड़किया भावनाओं में बहकर सोशल क्राइम का शिकार हो जाती है। इस प्रकार के अपराध आये दिन मिडिया के द्वारा उजागर किये जाते है। जिनसे सीख लेने की जरूरत है।

ये रहे उपस्थित

आयोजन के दौरान अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जीपी अग्रवाल ,स्टेट बैंक की मुख्य ब्रांच के प्रबंधक राजेश दुबे,नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, नपाउपाध्यक्ष खालिद पठान, पार्षद नरेन्द्र कुशवाह, अंसार अली, घनश्याम जांगड़ा, सईद टेलर, शाहरूख कुरैशी, भूरू खां, आतू मौलाना, सुभाष नामदेव, अनिल धनगर, आयाज पठान,शैलेष राठौर, प्रदीप प्रगति, सुरेन्द्रसिंह परमार, संजय जैन किला, नोशे खां, सौभालसिंह परमार, शुभम शर्मा, राज परमार, जितेन्द्र साहू, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु. प्रियंका सुराणा एवं वीरेन्द्रसिंह परमार द्वारा तथा आभार मुख्य नगरपालिका अधिकारी केएल सुमन ने व्यक्त किया।